Rapid Fire 14 December

- 12 दिसंबर को मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज़ दिवस (Universal Health Coverage Day 2018); Health for All स्लोगन के तहत Universal health coverage: everyone, everywhere; यह दिवस संयुक्त राष्ट्र के सर्वसम्मत संकल्प 2017 के तहत आयोजित किया जाता है; विश्वभर में कहीं भी किसी भी व्यक्ति को सस्ती, गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करने के लिये जागरूकता बढ़ाना है इसका उद्देश्य
- ब्रिटेन की प्रधानमंत्री थेरेसा मे ने जीता विश्वास मत; ब्रेक्ज़िट मुद्दे पर संसद में अविश्वास प्रस्ताव पर 317 सांसदों में से 200 ने उनके पक्ष में मतदान किया और पार्टी का नेता बने रहने का समर्थन किया; उनकी अपनी कंज़र्वेटिव पार्टी के 48 सांसदों ने पेश किया था अविश्वास प्रस्ताव; हार जाने पर पार्टी की नेता और प्रधानमंत्री पद से देना पड़ता इस्तीफा
- यूरोपियन पार्लियामेंट ने जापान के साथ होने वाली ट्रेड डील को मंज़ूरी दे दी है; इसे विश्व का सबसे बड़ा मुक्त व्यापार समझौता माना जा रहा है; इस डील से जो ओपन ट्रेडिंग ज़ोन बनेगा उसमें लगभग 635 मिलियन लोग कवर होंगे; इसमें विश्व की लगभग एक-तिहाई GDP शामिल होगी; जापान की संसद पहले ही कर चुकी है इस समझौते का अनुमोदन
- श्रीलंका के सुप्रीम कोर्ट ने संसद भंग करने के राष्ट्रपति मैत्रीपाल सिरिसेना के फैसले को अवैध ठहराया; सिरिसेना ने रानिल विक्रमसिंघे को हटाकर महिंदा राजपक्षे को बना दिया था प्रधानमंत्री; संसद भंग कर 5 जनवरी को चुनाव कराने की घोषणा की थी; इस बीच अपदस्थ प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे ने संसद में स्पष्ट बहुमत साबित किया था; 225 में से 117 सांसदों ने उनके नेतृत्व को लेकर लाए गए विश्वास प्रस्ताव को पारित करने के पक्ष में मतदान किया था
- राफेल डील को लेकर दायर सभी याचिकाएँ सुप्रीम कोर्ट ने की खारिज; रक्षा सौदों में कोर्ट की दखलंदाज़ी को ठीक नहीं बताया; राफेल खरीद की सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जाँच कराने की थी मांग; सरकार की निर्णय लेने की प्रक्रिया को बिल्कुल सही बताते हुए कोर्ट ने कीमत और ऑफसेट पार्टनर की समीक्षा करने से किया इनकार; लगभग 58 हज़ार करोड़ रुपए में 36 राफेल युद्धक विमानों के लिये फ्रांस के साथ किया गया है समझौता
- भारत और रूस द्विपक्षीय रक्षा सहयोग बढ़ाने पर सहमत; रूसी रक्षा मंत्री सर्गेई शोयगु के भारत दौरे में दोनों देशों ने लिया Inter-governmental Commission on Military & Military Technical Cooperation (IRIGC-MTC) बनाने का फैसला; दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग और आपसी तालमेल को बढ़ावा देने हेतु इस फैसले को माना जा रहा है एक अहम कदम
- नेपाल ने लगाया भारत की नई करेंसी पर प्रतिबंध; अब दो हजार, पांच सौ और दो सौ रुपये के नये नोट लेकर नेपाल जाना, अपने पास रखना और इन नोटों के बदले सामान देना होगा गैरकानूनी; भारतीयों को नेपाल में इस्तेमाल के लिये 100-50 या अन्य छोटे नोट ले जाने होंगे या नेपाल बॉर्डर पर ही नए भारतीय नोटों को नेपाल की करेंसी से बदलना होगा; नेपाल में आर्थिक अपराधों और हवाला कारोबार पर रोक लगाने के लिये की गई है यह पहल
- भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में चल रहे हॉकी विश्व कप के क्वार्टर फाइनल मैच में भारत को नीदरलैंड्स ने 2-1 से हरा दिया; इसके साथ ही भारत विश्व कप से बाहर हो गया; 1975 के बाद से भारतीय टीम आज तक विश्व कप के सेमीफाइनल में नहीं पहुँच सकी है; विश्व कप में अभी तक भारतीय टीम नीदरलैंड्स की टीम को हरा नहीं पाई है
- सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने टीवी प्रोड्यूसर-डायरेक्टर बृजेंद्र पाल सिंह को Film & Television Institute of India का चेयरमैन और प्रेसीडेंट नियुक्त किया है; उन्होंने अनुपम खेर का स्थान लिया है, जिन्होंने अक्तूबर में इस्तीफा दे दिया था; सूचना और प्रसारण मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त संस्था है FTII; लोकप्रिय टीवी सीरियल CID के प्रोड्यूसर-डायरेक्टर भी हैं बृजेंद्र पाल सिंह

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-14-12-2018